परियोजना का नाम :— जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम गल्जवाडी में गल्जवाडी पेयजल योजना के निर्माण हेतु वन विभाग (मसूरी रेंज में 0.158 है0 एवं मालसी रेंज में 0.609 है0) कुल 0.767 है0 वन भूमि का पेयजल निगम को हस्तान्तरण।

## वन में योजना बनाने का औचित्य

| | | |
|---|---|---|
| वन भूमि की आवश्यकता | — | 0.767 हैक्टेयर |
| विभाग का नाम | — | निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून। |

ग्राम पंचायत गल्जवाडी विकासखण्ड सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम , इन्दरनगर, खाबडवाला, गद्दूवाला, ब्रहमपुरी, पंजाबीवाला, झाडीवाला, पंडितवाडी एवं संतलादेवी आता है। ग्राम , इन्दरनगर, खाबडवाला, गद्दूवाला, ब्रहमपुरी, पंजाबीवाला, झाडीवाला, पंडितवाडी एवं संतलादेवी में पूर्व से गल्जवाडी पेयजल योजना से ग्रामवासियों को पेयजल से अच्छादित किया जा रहा है। पेयजल योजना अपनी अभिकल्पित समय लगभग 30 वर्ष पूर्ण होने के कारण ग्राम गल्जवाडी में ग्रामवासियों को पेयजल की किल्लत हो रही थी। जिस कारण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत गल्जवाडी में अधिक पेयजल की कमी हो जाने के कारण गल्जवाडी पेयजल योजना का पुर्नगठन प्रस्तावित किया गया। जिस हेतु ग्राम पंचायत में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु बैठक रखी गयी, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि पूर्व में जिन श्रोतं से अभी तक ग्राम पंचायत में पेयजल उपलब्ध हो रहा था, उन्हीं से योजना का पुर्नगठन करते हुये योजना को नये सिरे से बनाया जाये। जिससे ग्रामवासियों को सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। तत्पश्चात विभाग द्वारा सर्वेक्षण का

से ग्राम , इन्दरनगर, खाबडवाला, गद्दूवाला, ब्रहमपुरी, पंजाबीवाला, झाडीवाला, पंडितवाडी एवं संतलादेवी बस्तियों की 4159 जनसंख्या लाभान्वित होगी। आवेदित वन भूमि में पेयजल योजना के निर्माण में प्रत्यावर्तन हेतु अपेक्षित आरक्षित वन भूमि में कोई वृक्ष बाधित/प्रभावित होना निहित नहीं है। अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त का संज्ञान लेते हुये योजना में प्रस्तावित आरक्षित वन भूमि 0.767 है0 की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

प्रभागीय वनाधिकारी
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी

प्रभागीय वनाधिकारी
देहरादून वन प्रभाग,
देहरादून

अधिशासी अभियंता,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम
देहरादून।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास
एवं निर्माण निगम, देहरादून